# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

☎: कार्या:– (0755) 2551650


क्रमांक/2041/परीक्षा समन्वय/2021 भोपाल, दिनांक– 29 जून 2021

## आदेश

कोविड–19 संक्रमण की गंभीरता एवं विषम परिस्थितियां बने रहने के कारण हायर सेकेण्डरी तथा हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षायें वर्ष 2021 निरस्त की गई है। फलस्वरुप परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु मण्डल द्वारा आदेश क्रमांक/2039/परीक्षा समन्वय/2021 भोपाल, दिनांक 28 जून 2021 जारी किया गया है।

2/ कक्षा 10वीं के विषयों के आधार पर हायर सेकेण्डरी/हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षा वर्ष 2021 का परीक्षा परिणाम तैयार करने की विस्तृत कार्य योजना निम्नानुसार नियत की जाती है–

2.1 नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षा के किसी भी छात्र को अनुत्तीण नहीं किया जावेगा।

2.2 परीक्षा वर्ष 2021 कक्षा 12वीं की नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षा के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने वाले समस्त छात्रों को उनकी कक्षा 10वीं के सर्वश्रेष्ठ 05 विषय के विषयवार अंकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया जावेगा।

2.3 हायर सेकेण्डरी (नियमित एवं स्वाध्यायी)/हायर सेकेण्डरी, व्यावसायिक परीक्षा वर्ष 2021 में सम्मिलित छात्रों को विषयवार अंक प्रदाय करने हेतु हाईस्कूल के विषयों का हायर सेकण्डरी/हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक के संकायवार/ट्रेड़वार विषयों से Mapping तालिका क्रमांक–1 एवं क्रमांक–2 अनुसार है।

2.4 अतिरिक्त विषय अथवा अतिरिक्त संकाय के छात्रों को उस विषय में हाईस्कूल के साथ मुख्य संकाय के अनुसार मेप किये गए विषय अनुसार अंक प्रदाय किये जायेंगे।

2.5 श्रेणी सुधार छात्रों के अंक तालिका क्रमांक–1 अनुसार हाईस्कूल से मेप किए गए समूह के अंक के अनुसार ही दिए जायेंगे।

2.6 बेस्ट ऑफ फाईव पद्वति अनुसार हाईस्कूल के सबसे अधिक अंको वाले विषयों के अतिरिक्त छटवां विषय हायर सेकेण्डरी के जिस विषय से मेप किया जायेगा, उस विषय में हाईस्कूल के तृतीय भाषा विषय के अंक प्रदाय किये जायेंगे। उदाहरण स्वरुप किसी छात्र को हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान विषय के अंक बेस्ट ऑफ फाईव पद्वति के अर्न्तगत बाहर होने के कारण उसके परिणाम में नहीं जोड़े गये है, तो ऐसे छात्र को हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम में सामाजिक विज्ञान विषय के अंको के स्थान पर हाईस्कूल की तृतीय भाषा के अंक प्रदान किये जायेंगे।

3/ **प्रायोगिक परीक्षा के लिये मापदण्ड** – निर्धारित मापदण्ड अनुसार कुल 100 अंकों में से गणना उपरांत हायर सेकेण्डरी परीक्षा (नियमित/स्वाध्यायी) के प्रायोगिक भाग वाले विषयों में प्रायोगिक भाग में अंक छात्र द्वारा 100 में से अर्जित प्राप्तांकों के प्रतिशत अधिभार के आधार पर प्रदान करते हुये अंकसूचियां जारी की जावेगी। उदाहरण स्वरुप यदि किसी छात्र को 70 प्रतिशत अंक प्राप्त होते हैं तो भौतिक शास्त्र के प्रायोगिक भाग में 30 अंको का 70 प्रतिशत अंक अर्थात 21 अंक प्रदान किये जावेगें तथा शेष 49 अंक सैद्धांतिक भाग में प्रदर्शित किये जावेंगे।

4/ अन्य राज्य व अन्य बोर्ड से हाईस्कूल परीक्षा उत्त्तीण करने वाले नियमित व स्वाध्यायी के प्रत्येक छात्रों के कक्षा 10वीं की अंक सूची अनुसार नियमित छात्र को संबंधित संस्था एवं स्वाध्यायी छात्र को संबंधित अग्रेषण संस्था के माध्यम से दिनांक 05–07–2021 तक ऑनलाईन अंक भरना एवं अंक सूची अपलोड करना अनिवार्य होगा। ऐसे छात्रों के विषयवार अंकों प्रविष्टि करने की प्रकिया निम्नानुसार होगी:–

4.1 अन्य राज्य/बोर्ड के कक्षा 10वीं उत्त्तीर्ण करने वाले छात्रों की रोल नम्बरवार सूची संबंधित संस्था/अग्रेषण संस्था के एम0पी0 आनलाईन लॉगिन में दिनांक 29–06–2021 से उपलब्ध होगी।

4.2 छात्र के रोल नम्बर का चयन करने पर अंकों की प्रविष्टि हेतु स्क्रीन उपलब्ध होगी।

4.3 छात्र का विवरण Edit नहीं किया जा सकेगा।

//निरंतर//

4.4 प्रत्येक छात्र हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय भाषा के अंक भरने की सुविधा होगी। यदि किसी राज्य/बोर्ड में तृतीय भाषा नहीं है तो NA (Not applicable) का चयन करना होगा।

4.5 प्रायोगिक/ आंतरिक भाषा वाले विषय में सैद्वांतिक तथा प्रायोगिक भाग के अंकों को जोड़कर कुल 100 में से अंक प्रदान करना होगा।

4.6 उपरोक्त के साथ ही अंकसूची की स्केन प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।

4.7 अंक प्रविष्टि की प्रामाणिकता एवं शुद्वता (Accuracy) का संपूर्ण दायित्व संबंधित संस्था प्राचार्य/अग्रेषण संस्था प्राचार्य का होगा।

5/ यदि कोई छात्र अपने प्राप्तांक से असन्तुष्ट रहता है तो कोविड–19 के संकटकाल की समाप्ति उपरान्त राज्य शासन की अनुमति उपरांत आयोजित होने वाली परीक्षा में भाग ले सकेगा। ऐसे छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त सात दिवस की अवधि में परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये नियमित छात्र को संबंधित संस्था एवं स्वाध्यायी छात्र को संबंधित अग्रेषण संस्था के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

6/ इस वर्ष हायर सेकेण्डरी तथा हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षा वर्ष 2021में सम्मिलित होने वाले छात्रों को पूर्व वर्षानुसार अंकसूचियों में केवल श्रेणी अंकित की जावेगी, किन्तु इस वर्ष हायर सेकेण्डरी परीक्षा की प्रावीण्य सूची (मेरिट) जारी नहीं की जावेगी।

**सचिव,**
**माध्यमिक शिक्षा मण्डल,**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

**पृष्ठांकन क्रमांक/2042/परीक्षा समन्वय/2021** **भोपाल दिनांक– 29 जून 2021**

प्रतिलिपि–

1– प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2– आयुक्त, लोक शिक्षण, गौतम नगर, मध्यप्रदेश भोपाल।
3– आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन मध्यप्रदेश भोपाल।
4– आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, श्यामला हिल्स मध्यप्रदेश भोपाल।
5– समस्त– संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश।
6– समस्त–जिला पुलिस अधीक्षक, मध्यप्रदेश।
7– समस्त– मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मध्यप्रदेश।
8– समस्त– संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
9– समस्त–उपायुक्त/सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, म.प्र.।
10– समस्त–जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
11– समस्त– प्राचार्य, जिला समन्वयक संस्थायें, मध्यप्रदेश।
12– आंचलिक/समस्त–संभागीय अधिकारी संभागीय कार्यालय, मा.शि.मण्डल म.प्र.।
13– सी.एस.ओ./जन सम्पर्क अधिकारी/पंजीयक परीक्षा/विधि सलाहकार/समस्त–सहायक सचिव/कक्षाधिकारी/समकक्ष अधिकारी/लोकसूचना कक्ष/सुरक्षा अधिकारी,मा.शि.म.मंडल म.प्र.।
14– निज सचिव–अध्यक्षअति.सचिव/उपसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्ताधिकारी, मा0शि0म0 म.प्र.।
15– समस्त– प्राचार्य, मण्डल से मान्यता/सम्बद्धता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थायें म.प्र.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**सचिव**
**माध्यमिक शिक्षा मण्डल**
**मध्यप्रदेश भोपाल**
29/6

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

## तालिका–1

हाईस्कूल के विषयों का हायर सेकेण्डरी के संकायवार विषयों से Mapping

| NO. | हाईस्कूल के विषय | हायर सेकेण्डरी के विषय |
|---|---|---|
| 1 | First language | First language |
| 2 | Second language | Second language/ NSQF |
| 3 | Third language | other language |
| 4 | Science | 210 Physics, 220 Chemistry, 231 Biology,<br>151 Informatics Practices, 165 Agriculture,<br>168 Home Science (Anat. Phys. & Huygens)<br>832 Bio Technology, 833 Physical Education<br>**Agriculture group**<br>410 Element of Science & Maths Useful For Agriculture,<br>420 Crop Production & Horticulture,<br>430 Animal Hus. Milk Trade, Poultry Farming & Fishery ,<br>**Home Science Group**<br>610 Home Management Nutrition & Textile ,<br>620 Anatomy Physiology & Health,<br>631 Elements of Science, |
| 5 | Maths | 150 maths, 320 Book keeping & Accountancy |
| 6 | Social Science | **Humanities Group-**<br>110 History, 120 Geography, 130 Political Science,<br>140 Economics, 161 Indian music, 162 Drawing and Designing,<br>166 Sociology, 167 Psychology,<br>**Commerce Group-**<br>310 Business Studies, 331 Economics<br>**Fine Art Group-**<br>510 Drawing & Painting, 520 Still life & Design,<br>530 History of Indian Art & Word Art |

## तालिका–2

हाईस्कूल के विषयों का हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक के ट्रेड़वार विषयों से Mapping

| NO. | हाईस्कूल के विषय | हायर सेकेण्डरी व्या. के ट्रेड़ |
|---|---|---|
| 1 | First language | First language |
| 2 | Second language | Second language |
| 3 | Third language | other language |
| 4 | Science | **Trade code-** 09- Bakery & Confectionary<br>**Trade code-** 21- Computer Application, **Trade code-** 15- Dairying,<br>**Trade code-** 14- Electric Appliance, **Trade code-** 16- Farm mechanics<br>**Trade code-** 08- Fruits & Vegetable , **Trade code-** 02- Horticulture<br>**Trade code-** 28- Medical laboratory, **Trade code-** 13- Motor cycle repair<br>**Trade code-** 12- Repair of tv/radio, **Trade code-** 098- Foundation Course |
| 5 | Maths | **Trade code -** 11 Building Construction,**Trade code -** 17 Banking assistance<br>**Trade code -** 05 Book keeping & Accountancy |
| 6 | Social Science | **Trade code-** 10- Garments Making, **Trade code-** 18- Store keeping<br>**Trade code-** 07- Steno Typing , **Trade code-** 20- Printing Binding |

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश भोपाल